पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-08/2023, सो०–3928

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

**डॉ० बी० राजेन्दर,**
प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग–सह–
मिशन निदेशक।

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव**, सभी विभाग।
**पुलिस महानिदेशक**, बिहार, पटना।
**सभी प्रमण्डलीय आयुक्त**, बिहार।
**सभी जिला पदाधिकारी**, बिहार।

पटना, दिनांक–05/10/2023

विषयः– **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) फेज–II के 5 Modules को Go-Live करने के सम्बंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) फेज–II अंतर्गत निम्नांकित 5 Modules को दिनांक–05.10.2023 से Go-Live किया जाना है :–

1. Sthapna (HR Manager) Module – इस Module के अंतर्गत स्थापना शाखा के प्रभारी / वरीय पदाधिकारी द्वारा किसी कार्यालय से संबंधित रिपोर्ट को देखने तथा किसी कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के आलोक में अद्यतन एवं प्रसारित करने हेतु स्थापना शाखा के प्रभारी पदाधिकारी / वरीय पदाधिकारी को अधिकार दिया गया है, ताकि स्थापना संबंधित मामलों का अनुश्रवण हो सके।
2. Service Verification Module – इस Module से किसी Employee के वेतन निर्माण के अनियमितताओं की जाँच तथा प्राप्त वेतन के आलोक में सेवा सत्यापन का प्रावधान उपलब्ध होगा।
3. Employee Self Service-Part A Module – उक्त Module का उपयोग कर सभी कर्मी अवकाश, LTC, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, आदि से संबंधित आवेदन online कर सकते हैं।
4. Leave Management Module –इस Module के माध्यम से सभी प्रकार के अवकाश से संबंधित आवेदनों का निस्तार सक्षम प्राधिकार द्वारा Online किया जा सकेगा।
5. Employee Service book Correction Module – इस Module के माध्यम से Employee स्वयं अपने सेवापुस्त को देख सकते हैं तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि रहने की स्थिति में अनुरोध किये जाने पर सक्षम प्राधिकार द्वारा सुधार किया जा सकेगा।

उपर्युक्त 05 Modules को लागू करने से संबंधित प्रशिक्षण, मिशन कार्यालय के पत्रांक–3787, दिनांक–14.09.2023 के आलोक में Master Trainers को दिया गया है। अनुरोध है कि अधीनस्थ कार्यालयों के संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु अपने स्तर से निदेशित कर दिया जाय।

सभी Modules से संबंधित विस्तृत कार्य विवरणी को M /s KPMG द्वारा उपलब्ध कराया गया है (प्रति संलग्न)। उक्त विवरणी में User Manuals एवं Short Video सम्मलित है। User Manuals को बेहतर तरीके से क्रमानुसार समझने के लिये सभी प्रक्रिया को हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो भाषा में उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ हीं संबंधित Video

HRMS पोर्टल (https://hrms.bihar.gov.in) के Download Section से Download कर देखा जा सकता है।

अनुरोध है कि उपर्युक्त सभी Modules को अपने अधीनस्थ विभाग/कार्यालय में दिनांक–05.10.2023 से लागू करने/उपयोग करने की कृपा की जाय। इस संबंध में कोई सुझाव यदि हो तो ई–मेल–hd.hrms.bihar@gmail.com पर भी उपलब्ध कराया जा सकता है।

**अनुलग्नकः यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

BRajendra 5.10.2023

(डॉ० बी० राजेन्दर)
प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग–सह–मिशन निदेशक।

**ज्ञापांकः** **बि०प्र०सु०मि०सो०/HRMS-08/2023 सो० 3928, दिनांक 05/10/2023**

प्रतिलिपिः 1. **सभी विभागाध्यक्ष**, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. M/s KPMG, Patna/M/s IPE Global, पटना को कृपया सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

BRajendra 5.10.2023

**प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग–सह–मिशन निदेशक।**